**The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2023: As Reported By Joint Committee**

-

**THE MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY, MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION AND MINISTER OF TEXTILES (SHRI PIYUSH GOYAL):** Sir, I beg to move:

?That the Bill to amend certain enactments for decriminalising and rationalising offences to further enhance trust-based governance for ease of living and doing business, as reported by the Joint Committee, be taken into consideration.?

? (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

?कि जीवन यापन और कारबार करने की सुगमता के लिए विश्वास आधारित शासन की और वृद्धि करने के लिए अपराधों का निरापराधीकरण और सुव्यवस्थित करने हेतु कतिपय अधिनियमितियों का संशोधन करने वाले विधेयक, संयुक्त समिति द्वारा यथाप्रतिवेदित, पर विचार किया जाए ।?

**माननीय सभापति:** श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी ।

? (व्यवधान)

**श्री पीयूष गोयल:** माननीय सभापति महोदय, मैं कुछ कहना चाहता हूँ? (व्यवधान) मैं इस बिल के बारे में कुछ कहूँ, उससे पहले विपक्ष के मेरे माननीय सदस्यों के बारे में जरूर कुछ कहना चाहूंगा । माननीय सभापति महोदय, जो इनके मन में है, वह तन पर भी दिख रहा है।? (व्यवधान) ये इन कपड़ों के पीछे क्या छिपा रहे हैं? ? (व्यवधान) ये इन काले कपड़ों के पीछे क्या छिपा रहे हैं? इनका दिल भी ... * है, इनके शब्दों में भी ...* है। क्या ? ** इनके पास इतना हो गया है कि उसको छिपाने के लिए इन्होंने काले कपड़े पहन रखे हैं?? (व्यवधान) या तो ?** छिपाने के लिए या इनके ? ** इतने बढ़ गए हैं कि ये अपने ?** को छिपाने के लिए काले कपड़ों में यहां पर आए हैं। वैसे तो दूसरे सदन में एक माननीय सदस्य के ऊपर भी काले कौवे ने भी अपना ध्यान आकर्षित कर लिया ।? (व्यवधान)

सर, इनका कल भी काला है, आज भी काला है और भविष्य भी काला है। हम प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के योद्धा है।? (व्यवधान) हम नकारात्मक सोच नहीं रखते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि इनके जीवन से भी अंधेरा छटेगा।? (व्यवधान) हमें पूरा विश्वास है कि इनको भी रोशनी दिखेगी। सूरज इनके यहां भी उगेगा और इनके दिल का ?** खत्म हो जाएगा और एक विकसित भारत, एक समृद्ध भारत के लिए कमल अवश्य खिलेगा ।? (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मंत्री जी, धन्यवाद ।

सभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**14.39 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fifteen of the Clock.*

---

**15.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Fifteen of the Clock.*

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

? (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** आप बोल दीजिए कि नहीं होगा।? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** जनविश्वास विधेयक, 2023.

? (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** सर, जिन लोगों ने चेयर के ऊपर पेपर फाड़ कर फेंका है, उनको नेम करना चाहिए।?(व्यवधान) This is a highly indiscipline act. This cannot be tolerated.? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मंत्री जी।

?(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। आपके कई माननीय सदस्यों ने यहां पेपर फाड़ कर चेयर पर फेंका है।? (व्यवधान) मैं समझता हूं कि यह चेयर का अपमान है और लोकतंत्र के मंदिर में आप जैसे वरिष्ठ लोगों का यह व्यवहार ठीक नहीं है।

?(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी।

? (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, कम से कम आप पॉइंट ऑफ ऑर्डर को डिसपोज कीजिए।?(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अपना स्थान लीजिए।

? (व्यवधान)

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** आदरणीय सभापति जी, आपने मुझे Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill पर बोलने की अनुमति दी है।? (व्यवधान)

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY:** Sir, I gave notice? (*Interruptions*)